तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN

## MUMBAI REGION

# BRIDGE COURSE

## CLASS- 9 HINDI

## (TO BE FOLLOWED BY CLASS 10)



*“BRIDGING GAPS IN LEARNING”*

**PREPARED BY-**

# केन्द्रीय विद्यालय संगठन मुंबई संभाग

## ब्रिज कोर्स के लिए एक्शन प्लान

| कक्षा- दसवीं | | | विषय- हिन्दी | |
|---|---|---|---|---|
| | संभावित दक्षताएँ / भाषा-कौशल | गतिविधि-योजना | संसाधन/शिक्षण-सहायक-सामग्री | अधिगम-लक्ष्य |
| दिवस-**1** | श्रवण-वाचन (कहानी श्रवण) | *शिक्षक प्रथम दिवस बच्चों 10 से 15 मिनट घर परिवार से सम्बंधित आपसी वार्तालाप व उनके ऑनलाइन कक्षा के बारे में उनका अनुभव साझा करने के लिए कहेंगे \| * संक्षिप्त वार्तालाप के बाद शिक्षक कक्षा 9वीं से 'दो बैलों की कथा' कहानी को अभिनयात्मक ढंग सुनाते हुए तथा कोरोना महामारी से जोड़ते हुए बच्चों से पाठ एवं कोरोना महामारी से सम्बंधित प्रश्न पूछेंगे\| | कक्षा 9वीं की हिन्दी पाठ्य पुस्तक, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी डॉ. का लेख या सुझाव जिसमें कोरोना महामारी के बारे में सम्पूर्ण जानकारी हो \| https://youtu.be/cDCHxoU6C0Y | *छात्र अपने अंदर साहस उत्पन्न कर सकेंगे \| * मुसीबतों और चुनोतियों का सामना करना सीखेंगे \| * संघर्ष कर जीवन जीने में विश्वास करेंगे \| *पाठ के प्रश्नों के उतर दे सकेंगे\| *शिक्षक से प्रश्न पूछना सीखेंगे\| |
| दिवस-**2** | श्रवण-वाचन (वर्ण-ज्ञान) | *वर्ण क्या है? कुल कितने वर्ण होते हैं ?*वर्ण के कितने प्रकार होते हैं? स्वर–व्यंजन,उसके प्रकारों व अनुनासिक व अनुस्वार को उदाहरणों द्वारा विस्तार से समझाएंगे \| . | *चित्र बनाकर उच्चारण स्थान को बताना \| वर्णों का फ्लैस कार्ड बनाकर समझाना \| https://youtu.be/taAm4V8Y9oo | * छात्र-छात्राएं वर्णों के बारे में जानेंगे \| *शुध्द उच्चारण करना सीखेंगे \| *वर्णों के प्रकार के बारे में जानेंगे \| *स्वर-व्यंजन को पहचान सकेंगे |
| दिवस-**3** | वाचन कौशल- (कविता पाठ, कहानी कथन) | *'नेता जी का चश्मा ' या 'सूरदास के पद' पाठ को पढाना तथा 'सुड़स के पद' पाठ का कविता वाचन करते हुए ऑडियो मंगवाना \| (दोनों में सेे किसी एक का) शिक्षक अपनी सुविधानुसार पाठ का चयन कर सकते हैं \| | कक्षा 10 वीं हिन्दी की पाठ्यपुस्तक, कहानी के पात्रों के चित्र दिखाकर उसके स्वभाव के बारे में पूछना, कविता का भाव लिखाना \| https://youtu.be/0IUwkY_f9gQ नेता जी का चश्मा | * कविता को आरोह-अवरोह के साथ सस्वर वाचन कर सकेंगे *पाठ के प्रश्नों के उत्तर दे में सक्षम होंगे *छात्र-छात्राएं देश-भक्ति की भावना उत्पन्न कर सकेंगे \| *अपने कर्तव्यों का पालन करना सीखेंगे \| * लोगो के प्रति सम्मान की भावना रखेंगे \| |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | https://youtu.be/C3LRxy1D0Qg सूरदास | *देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझेंगे | |
| दिवस-**4** | व्याकरण, पठन-लेखन | *वाक्य और वाक्य के भेद , रचना के आधार पर वाक्य के भेद से सम्बंधित प्रश्न पूछना | पद परिचय pr आधारित अभ्यास। | कक्षा-9वीं की (PT-1, PT-2, अर्धवार्षिक व वार्षिक परीक्षा परीक्षा के व्याकरण से सम्बंधित वर्कशीट) पाठ्यपुस्तक, स्वयं के द्वारा बनाया गया वर्कशीट | https://youtu.be/uQh1wlwmjEk वाक्य https://youtu.be/876NHlA6_ko पद परिचय | *व्याकरण की अच्छी समझ विकसित कर सकेंगे | *व्याकरण से सम्बंधित प्रश्नों को हल करना सीखेंगे | *प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे | |
| दिवस-**5** | पठन-लेखन, अंकीय/ गणितीय ज्ञान | *शिक्षक १ से १०० तक गिनती को हिंदी व शब्दों में लिखना व पढ़ना सिखायेंगे*शिक्षक द्वारा बच्चों को ५९, ६९, ७९, ८९, अंकों को शब्दों में लिखने के लिए कहना | *छत्तीस, पैतीस, छप्पन, पैंसठ आदि शब्दों को हिंदी के अंकों में लिखने के लिए देना | *शिक्षक अपने हिसाब से प्रश्न तैयार कर सकते हैं| | *शिक्षक अंकों और शब्दों को चार्ट पेपर में या फ्लैस कार्ड में लिख कर दिखा सकते हैं | * (शिक्षक बच्चों के स्तर को ध्यान रखकर क्विज तैयार कर सकते हैं) | *छात्र-छात्राएं १ से १०० तक गिनती अंको व शब्दों में लिख-पढ़ सकेंगे *छात्र-छात्राएं हिंदी के अंको को पहचान कर बतला सकेंगे | *अंको को शब्दों में लिखना सीखेंगे | *मानसिक स्तर को बढ़ा सकेंगे |
| दिवस-**6** | पठन-लेखन (ध्वनि-ज्ञान, ह्रस्व-दीर्घ) | *छात्रों को ह्रस्व(अ,इ,उ,ऋ), दीर्घ(आ,ई,ऊ,ए,ऐ,ओ,औ) ध्वनियों का ज्ञान और शब्दों, वाक्यों द्वारा ह्रस्व-दीर्घ ध्वनियों का उच्चारण और लेखन | वर्णों का उच्चारण स्थान को विस्तार से समझाना | | *ह्रस्व, दीर्घ ध्वनियों से संबंधित चार्ट*शब्द कार्ड*उच्चारण स्थानों का चित्र बनाकर समझाना | https://youtu.be/F31vk7tUQRg | *ह्रस्व स्वर,दीर्घ स्वर प्लुत को पहचान सकेंगे | *स्पर्श व्यंजन उष्ण व्यंजन, अंतस्थ व्यंजन को जान सकेंगे | *कंठ, तालू, मूर्धन्य, ओष्ट, दंतव्य ध्वनियों को पहचान सकेंगे |
| दिवस-**7** | पठन-विश्लेषण (समाचार पत्र ) | *शिक्षक बच्चों को उसी दिन का हिन्दी समाचार पत्र पढवासकते हैं जो सकारात्मक हो/नैतिक शिक्षा देता हो/किसी लेख का सारांश बताना/ खेल | हिन्दी-समाचार पत्रों दैनिक भास्कर ,नई दुनिया, हरिभूमि, ई-समाचार पत्र | | *समाचार पत्रों को पढ़ने में रूचि उत्पन्न कर सकेंगे | *अभिव्यक्ति की क्षमता को विकसित कर सकेंगे | * विभिन्न विषयों पर अपने विचार |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | समाचार/ विज्ञान-तकनीक/ व्यवसाय आदि में उनके विचार पूछना । उनके अभिव्यक्ति की क्षमता को परखना। | | रख सकेंगे । * पठन क्षमता को विकसित कर सकेंगे। |
| दिवस-**8** | शब्द ज्ञान, पठन-लेखन | *शिक्षकद्वारा 50 पर्यायवाची शब्दों जैसे आकांक्षा, जननी, पर्ण, पुत्री देकरबच्चों को याद करने के लिए देना । * उत्कृष्ट, अनुरक्त जैसे 20 विलोम शब्दऔर *30 मुहावरों-लोकोक्तियों का ज्ञान कराना । (कक्षा के स्तरानुसार योजना बनाएँ) | शब्द-चार्ट, वर्कशीट, बहुविकल्पीय प्रश्न (गूगल फॉर्म/ क्विजिज), शब्द पहेली, शिक्षक स्वयं तैयार करें ।https://youtu.be/LQp1l38nv3Y | *नए शब्दों से परिचित होंगे ।* मुहावरों-लोकोक्तियों का अर्थ बतला सकेंगे । * मुहावरों-लोकोक्तियों का अपने दैनिक जीवन में प्रयोग कर सकेंगे । * अपने लेखनी में उपयोग कर सकेंगे ।* पर्यायवाची शब्द व विलोम शब्द को जानेंगे । |
| दिवस-**9** | वाचन-पठन (टंग ट्विस्टर, उच्चारण) | शिक्षक द्वारा बच्चों द्वारा जटिल उच्चारण ( टंग ट्विस्टर) शब्दों को चार्ट पेपर या शब्द कार्ड में लिखकर कक्षा में बार-बार उच्चारण/वाक्यों का लगातार, बारंबार शुध्द वाचन करना, ऑनलाईन की स्थिति में ऑडियो मंगाना । | टंग ट्विस्टर चार्ट, (टंग ट्विस्टर शब्द; जैसे- पके पेड़ पर पका पपीता, पका पेड़ या पका पपीता, खड़ग सिंह के खड़कने से खड़कती है खिड़कियाँ, कच्चा पापड़, पक्का पापड़/ चंदू के चाचा ने..........आदि) | *छात्र-छात्राएं धारा प्रवाह में सुधार कर सकेंगे । * उच्चारण क्षमता में सुधार कर सकेंगे । *भाषा सम्बन्धी त्रुटि को सुधार सकेंगे । |
| दिवस-**10** | व्याकरण, पठन-लेखन | *शिक्षक वाच्य व वाच्य के भेद , वाच्य परिवर्तन से सम्बन्धित विषय पर छात्रों से प्रश्न पूछ सकते हैं(शिक्षक छात्रों के मानसिक स्तर को ध्यान रखकर गतिविधि तैयार करें ।) | कक्षा-10वीं की हिन्दी पाठ्यपुस्तक, वर्कशीट (गूगल फॉर्म/ क्विजिज) शिक्षक स्वयं तैयार करें । https://youtu.be/QIIvFV8jyw0 https://hindiadhyapak1.blogspot.com/2018/05/blog-post.html | *व्याकरण के डर को दूर भगा सकेंगे ।*वाच्य क्या है? वाच्य की विशेषताएं जान सकेंगे । * वाच्य के प्रकारों को पहचान सकेंगे ।वाच्य परिवर्तन ke विषय में जान पाएंगें । |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| दिवस-**11** | पठन-लेखन (विराम चिहनों का ज्ञान) | शिक्षक द्वारा बच्चों को उनकी कक्षा में पढ़ाते समय विराम चिहनों पूर्ण विराम, अर्द्ध विराम, अल्प विराम प्रश्नवाचक, विस्मयादिबोधक, योजक, निर्देशक आदि चिन्हों का बोध कराना \| विराम चिहनों का उचित प्रयोग करते हुए पुस्तक पठन और अनुच्छेद लेखन \| | विराम चिहनों से संबंधित चार्ट, पाठ्यपुस्तक से गद्यांश वर्कशीट (गूगल फॉर्म/ क्विजिज) \| https://youtu.be/QVCPajlWYxI | * विराम चिन्हों को पहचान सकेंगे \| * विराम चिन्हों का उचित प्रयोग करना सीखेंगे \| * विराम चिन्हों का प्रयोग करते हुए शुद्धता के साथ पढ़ेंगे \| |
| दिवस-**12** | शब्द ज्ञान, पठन-लेखन | * अनेकार्थी शब्दों के द्वारा \| *श्रुतसम भिन्नार्थक शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द \| (कक्षा के स्तरानुसार योजना बनाएँ) | शब्द-चार्ट, वर्कशीट, बहुविकल्पीय प्रश्न (गूगल फॉर्म/ क्विजिज), शब्द पहेली(शिक्षक स्वयं बच्चों के स्तर को देखते हुए बनाए \| https://youtu.be/lnKu6Yapwy8 | *छात्र-छात्राएं नए–नए शब्दों से परिचित होंगे \| * प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे \| * अनेकार्थी शब्दों को आसानी से समझ सकेंगे \| |
| दिवस-**13** | श्रुत लेखन, इमला लेखन | *शिक्षक द्वारा छोटी सी कहानी या सारगर्भित कोई अपठित गद्यांश बोलना और बच्चों अनुकरण वाचन करवाना तथा उसे सुनकर शुद्ध वर्तनी और सुन्दर लिखावट में लिखने के लिएव जाँच करना \| (कक्षा के स्तरानुसार गद्यांश का चयन करें) | अपठित गद्यांश, कहानी पुस्तक, ऑडियो, वीडियो | * वर्तनी में सुधार कर सकेंगे \| * शुद्ध उच्चारण के साथ पढ़ सकेंगे \| *श्रुत लेखन में वृद्धि कर सकेंगे \| *शब्द भण्डार में वृद्धि कर सकेंगे \| लेखन कला में सुधार कर सकेंगे \| |
| दिवस-**14** | व्याकरण, पठन-लेखन | रस व रस के भेद , पाठ्यपुस्तक पर आधारित गतिविधि द्वारा समझाना \| | कक्षा-10वीं की हिन्दी पाठ्यपुस्तक, वर्कशीट (शिक्षक बच्चों के स्तर के अनुसार बना सकते हैं) https://youtu.be/9weziC9UIZQ | *छात्र छात्राएं व्याकरण को समझ सकेंगे \| * व्याकरण समझने में होने वालीसमस्याओं को शिक्षक से पूछेंगे \| * व्याकरण के प्रति रूचि उत्पन्न कर सकेंगे \| |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| दिवस-**15** | मौलिक लेखन (चित्र देखकर या अनुभव आधारित) | शिक्षक बच्चों को प्रकृति से सम्बंधित चित्र दिखाकर/नैतिक शिक्षा पर आधारित चित्र/पाठ्यपुस्तक के किसी कहानी के अंत को बदलना /प्रचलित लोककथा के अंत को बदलवाना/ खेलकूद पर आधारित /देश भक्ति पर आधारित /शौर्य और साहस परया अपने अनुभव पर आधारित रचनात्मक लेखन कराना \| | चित्र, दृश्य कार्ड, कुछ चयनित कहानियाँ, अंचल की लोककथा, प्रकृति का मनोरम दृष्य \| https://youtu.be/RnwAx4_m43I | *छात्र-छात्राएं अपने शब्द कोष में वृद्धि कर सकेंगे \| * रचनात्मक लेखन में विकास कर सकेंगे \|* अभिव्यक्ति की क्षमता को विकसित कर सकेंगे \| * किसी भी विषय पर लिख व बोल सकेंगे \| * मानसिक स्तर में वृद्धि कर सकेंगे \| |

**नोट-**1. यह योजना मात्र सहायता के लिए है | संबंधित शिक्षक अपनी कक्षा के स्तरानुकूल इससे इतर, नवीन कार्ययोजना बना सकते हैं | 2. कार्ययोजना बनाने से पूर्व संबंधित कक्षा के NCERT Learning Indicators और 'बैक टू बेसिक्स' के **शिक्षक मैन्युअल** का अध्ययन करना अपेक्षित है | 3. प्रतिदिन के पाठ के साथ बच्चों के मूल्यांकन/ टेस्ट की योजना अवश्य बनाएँ |4.दीक्षा एप में उपलब्ध विडियो और अन्य सामग्रियों की सहायता से पाठ्यपुस्तक के पाठों का अध्यापन किया जा सकता है |